‘राजीव-2021 डिज़िटिल क्विज़थॉन’

चर्चा में क्यों?

- 6 सितंबर, 2021 को राज्य में संपन्न हुई राज्यस्तरीय ‘**राजीव-2021 डिज़िटिल क्विज़थॉन**’ के अंतिम चरण की प्रतियोगिता में रिकॉर्ड 14 हज़ार प्रतिभागी शामिल हुए। तीनों चरणों में 37 हज़ार से ज़्यादा युवाओं ने भाग लिया।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री **स्व. राजीव गांधी** के योगदान को युवा पीढ़ी तक पहुँचाने एवं सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे विकास के बारे में जागरूक करने के लिये **राजस्थान के कॉलेज शिक्षा विभाग तथा सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के संयुक्त तत्वावधान** में 20 अगस्त को **डिज़िटिल क्विज़थॉन** की शुरुआत की गई थी।
- कॉलेज शिक्षा आयुक्त संदेश नायक ने बताया कि इसके तहत प्रदेश के राजकीय एवं निजी क्षेत्र के सभी महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, पॉलीटेक्निक एवं इंजीनियरिंग कॉलेजों में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिये तीन चरणों में ऑनलाइन परीक्षाओं का आयोजन किया गया।
- इसके पहले चरण में सूचना प्रौद्योगिकी आधारित ऑनलाइन टेस्ट में 12 हज़ार 846 विद्यार्थियों ने भाग लिया। दूसरे चरण में 3 सितंबर, 2021 को ‘**स्थानीय प्रशासन में सूचना प्रौद्योगिकी नवाचारों से सुशासन**’ विषय पर आयोजित परीक्षा में 10 हज़ार 273 विद्यार्थी शामिल हुए।
- इसी प्रकार सामान्य ज्ञान एवं करेंट अफेयर्स विषय पर 6 सितंबर, 2021 को आयोजित अंतिम चरण की प्रतियोगिता में 14 हज़ार 102 विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- इन प्रतियोगिताओं का परिणाम 10 सितंबर, 2021 को घोषित किया जाएगा। विजेताओं को 15 सितंबर, 2021 को पुरस्कार वितरण करना प्रस्तावित है।
- तीनों प्रतियोगिताओं में से प्रत्येक में श्रेष्ठतम 25 प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार के रूप में एक-एक टैबलेट दिया जाएगा तथा अगले 30 प्रतिभागियों को द्वितीय पुरस्कार के रूप में पुरस्कृत किया जाएगा। इस प्रकार तीनों प्रतियोगिताओं में कुल 75 प्रथम पुरस्कार एवं 90 द्वितीय पुरस्कार दिये जाएंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajeev-2021-digital-quizathon